सार-समाचार

शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के सबसे बडे एसबीपी महाविद्यालय में एसएफआई छात्र संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कॉलेज छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया। एसएफआई के जिलाध्यक्ष फाल्गुन भराडा ने शिक्षा मंत्री के दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि छात्र संघ चुनाव नहीं करा कर सरकार अपने चुनावी वायदे को भूलकर छात्र राजनीति को दबाना चाहती है। भराडा ने कहा की सरकार लोकतांत्रिक चुनाव की पहली सीढी कॉलेज छात्र चुनाव पर रोक लगा कर दमनकारी नीति अपना रही है। जिससे छात्र में रोष है। साथ ही कहा की राजनीतिक चुनाव हो सकते है तो फिर सरकार को छात्र संघ चुनाव कराने में क्या समस्या हो रही है। एसएफआई ने मांग की है कि राज्य की सरकार यदि छात्र संघ चुनाव नहीं कराती है तो एसएफआई उग्र आंदोलन करेंगी।

मोहर्रम पर्व 17 को

डूंगरपुर, (निसं)। मुस्लिम समुदाय का मोहर्रम पर्व प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 17 जुलाई मनाया जायेंगा। पंच मोडासियान के सदर अब्दुल हाफिज चौहान एवं सदर हाजी मोहम्मद अनिस ने संयुक्त रूप से बताया कि मोहर्रम पर्व के तहत आगामी 14 जुलाई रविवार को मेहंदी का जुलूस रात 9.30 बजे निकाला जायेगा। मेहंदी का जुलूस घाटी स्थित मदिना मस्जिद से होता हुआ फौज बडला होते हुए पुन: घाटी स्थित मदिना मस्जिद पहुंचेगा। इसीक्रम में 16 जुलाई बरोज मंगलवार आसुरा (शहादत) की रात मदिना मस्जिद से ठीक 1० बजे ताजियों का जुलूस निकाला जायेंगा। जो हाजीपुरा,फौज का बडला,माणक चौक, छीपा गली बोहरवाडी होते हुए कोतवाली दरवाजा के बाहर पंहुचेगा। जहां से रात 1 बजे जुलूस पुन: यहां से रवाना होकर घाटी मदिना मस्जिद पहुंचेगा। वही दूसरी दिन बुधवार को पुन: जुलूस 9.30 बजे घाटी मदिना मस्जिद से फौज का बडला, माणक चौक होते हुए कोतवाली पहुंचेगा। जहां सभी ताजियों का जुलूस का ठहराव कोतवाली में रहेंगा। पुन: 1 बजे यहां सभी ताजिये घाटी के लिए रवाना होगे। कोतवाली से होते हुए माणक चौक,फौज का बडला, वखारिया चौक होते हुए घाटी स्थित वावरिया बडला पहुंचेगा। जहां से दोपहर 3 बजे सभी ताजिये रवाना होते हुए हुसैनी चौक, हाजीपुरा, फौज का बडला, माणक चौक, पुराना अस्पताल होते हुए सायं 6 बजे गेपसागर की पाल पहुंचेगा।

बच्चे कीचड़ से होकर स्कूल जाने मजबूर

डूंगरपुर, (निसं)। सकानी गांव में अपर प्राइमरी स्कूल जाने का रास्ता कीचड और गंदगी से भरा है। बच्चे कीचड में बडे पत्थर रखकर स्कूल जाने को मजबूर है। वहींए पत्थर से पैर फिसलने पर बडे हादसे का डर भी सता रहा है। कीचड का ये हाल गंदे पानी की निकासी नहीं होने से हो रहा है। लोगो ने भी इसकी कई बार शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। सरकार बच्चों को स्कूल से जोडने ओर सुविधाओं को लेकर फोकस कर रही हैए लेकिन सकानी अपर प्राइमरी स्कूल जाने का रास्ता देखकर ही हर कोई मुंह मोड लेता है। सकानी स्कूल के मैन गेट के सामने ही सडक पर कीचड फैला हुआ है। हालत ये है कि सडक के गड्ढे में एक फीट तक पानी भरा हुआ। जिसे पार कर बच्चों को स्कूल जाना पडता है। गांव के भावेश सुथार और मोगजी मीणा बताते है कि गांव के घरों से निकलने वाला पूरा गंदा पानी स्कूल के पास गेट के सामने ही इकट्ठा होता है। यहां से गंदे पानी की आगे निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। ऐसे में पानी इकट्ठा होने के बाद कीचड में तब्दील हो जाता है। जिससे बच्चों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। गांव के लोग बताते है कि स्कूल जाने के लिए यही रस्ता है। ऐसे में कीचड के बीच पत्थर रखकर बच्चे उससे गुजरते हैं, लेकिन कई बार पैर फिसलने या पत्थर उलटने पर कीचड में गिरने या चोट लगने का डर भी सता रहा है। कभी कोई गाडी के आ जाने पर कीचड उडता रहता है। इससे जूते और कपडे गंदे हो जाते है। गंदगी की वजह से बदबू आती है। ऐसे हालत से बच्चों के साथ ही स्कूल के टीचर और गांव के लोग भी परेशान हैं। लोग बताते है कि गंदे पानी की निकासी के लिए कई बार पंचायत में शिकायत कीए लेकिन आज तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ है।

खेल प्रतिभागियों का सम्मान

बांसवाड़ा, (निसं)। 78 केंद्रीय विद्यालयों की संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2 से 4 जुलाई तक अलग-अलग केंद्रीय विद्यालयों में हुई। जिसमें केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने तीरंदाजी, बैडमिंटन, शूटिंग, बास्केटबाल और ताइक्वांडो, क्रिकेट में 20 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य उमा शंकर विजय ने बताया कि कंपाउंड 50 मीटर तीरंदाजी में प्रद्युम्न ने सिल्वर मेडल, डबल कंपाउंड 50मीटर में ब्रॉन्ज, ओवर ऑल सिल्वर मेडल, समर प्रताप सिंह ने सिल्वर मेडल, मानस मेनारिया ने इंडियन 30 मीटर में सिल्वर, 40 मीटर में ब्रॉन्ज, ओवर ऑल सिल्वर मेडल, 10 मीटर पीप साइट एयर राइफल शूटिंग में देव बलराज ने गोल्ड, 10 मीटर ओपन साइट में यशराज ने ब्रॉन्ज मेडल, ताइक्वांडो में ऋिश राज सिंह ने गोल्ड मेडल, क्रिकेट टीम के दृश्य कंसारा, कर्तव्य, कबीर, विवेक में सिल्वर मेडल अर्जित किया। प्राचार्य उमा शंकर विजय ने प्रार्थना सभा में विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित कर बधाई दी।

जेके प्रबंधन ने मानी श्रमिकों की मांगें, शुरू हुआ काम

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित जेके टायर फैक्ट्री में पिछले 4 दिन से चल रहा है। गतिरोध सोमवार को फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन की ओर से जेके टायर एम्पलाइजयूनियन इंटक की सभी मांगे मान लिए जाने के साथ ही टूट गया। इसके बाद इंटक समर्थित श्रमिकों ने भी फैक्ट्री की दोपहर 2बजे वाली बी शिफ्ट म काम शुरू कर दिया। जेके टायर एम्पलाइजयूनियनकेअध्यक्षचुन्नीलालपंचोलीनेबतायाकिगतदिनोंभामसनेफैक्ट्री के मैन गेट को बिना किसी कारण मनमर्जी से बंद कर दिया था। इसके बाद

- **दोपहर की शिफ्ट में इंटक के श्रमिक भी पहुंचे फैक्ट्री**

इंटक कार्यालय पर आयोजित सभा में श्रमिकों को सम्बोधितकरते जेके टायर एम्पलाइज यूनियनइंटक के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली।

पिछले चार दिनों से इंटक की ओर से बिना किसी कारण फैक्ट्री का गेट बंद करने वालों के खिलाफ कार्यवाही, फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने, एरिया एवं वेतन का भुगतान करने आदि मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन के बाद स्थित इंटक कार्यालय पर धरना दिया जा रहा था। इसके तहत सोमवार को भी जेके टायर एम्पलाइजयूनियनकेसभीश्रमिकोंनेइंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली एवं जेके टायर एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंचोली के नेतृत्व में धरना दिया जा रहाथा। उन्होंने बताया कि इसी दौरान फैक्ट्री प्रबंधन का ओर से इंटक को फैक्ट्री चलाने का न्यौता दिया गया। साथ ही प्रबंधन में यूनियन की सभी मांगों पर सहमति जताई। वहीं,पुलिसप्रशासनकी ओर से भी यूनियन के सभी श्रमिकों को फैक्ट्री में पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने का विश्वास दिलाया। प्रबंधन ने फैक्ट्री का गेट बंद करने वाले तत्वों के खिलाफ कारवाई को भी आश्वस्त किया। इसके बाद सभी श्रमिकों ने जयकारे एवं नारे लगाते हुए सोमवार को बी शिफ्ट से फैक्ट्री में काम पर लौटने का निर्णय किया। इसके बाद दोपहर करीब 1:30 बजे यूनियन के अध्यक्ष पंचोली इंटक के जिलाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ इंटर कार्यालय से सभी श्रमिक नारेबाजी करते हुए पैदल ही फैक्ट्री परिसर में पहुंचे। जहां बी शिफ्ट मेंकाम करने वाले श्रमिकों को प्लांट में प्रवेश करवाते हुए फैक्ट्री में पूर्ण रूप से काम शुरू करवाया। इस दौरान मांगीलाल जाट, तेजसिंह मेडतिया, रविनागदा,रामेश्वर पुरी, कमलेश आचार्य,महबूब खान, नाथूसिंह, मूलसिंह, नारायण सिंह, लालसिंह, दुर्गाशंकर शर्मा, रतन गाडरी, गोवर्धन कुमावत, कुलदीपसिंह, पुनाराम, दिनेश छापरवाल सहित श्रमिक मौजूदथे। फैक्ट्री में उत्पादन रह गया था एक तिहाई : जेकेटायर एम्पलाइजयूनियन अध्यक्ष पंचोली ने बताया कि फैक्ट्री में पिछले 5 दिनों से इंटक के श्रमिकों के कार्य पर नहीं जाने से 90 प्रतिशत काम बंद था। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में प्रतिदिन 232 टन उत्पादन होता है। जबकि, पिछले चार दिनों से सिर्फ भामस से संबंधित श्रमिकों के ही कार्य पर जाने से उत्पादन घटकर सिर्फ 80 टन प्रतिदिन ही रह गया था। ऐसे में फैक्ट्री प्रबंधन को फैक्ट्री में बहुमत प्राप्त जेके टायर एम्पलाइज यूनियन को वाजिब मांगें मानते हुए काम पर बुलाना पडा।

पौधारोपण किया

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर ब्लॉक के पीईईओ माथूगामडा पाल अंतर्गत राउप्रावि गदात फला में विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा पौधरोपण कर आवंटित लक्ष्य को पूर्ण किया गया। संस्था प्रधान जितेंद्र सुवेरिया ने बताया कि वृक्षारोपण प्रभारी सबरीलाल बरंडा के सानिध्य में विद्यालय परिक्षेत्र में विद्यार्थियों व शिक्षकों के सहयोग से 200 पौधे रोपे गए और इन्हें गोद लेते हुए।

किचन सेट किट बांटे

राजसमंद, (निसं)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान की ओर से संचालित जागृति विद्यालय को 6 किचन सेट वितरित किए। मानद सचिन बृजलाल कुमावत ने बताया कि चेयरमैन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में जिला शाखा द्वारा जागृति आवासीय विद्यालय के बच्चों के उपयोग के लिए किचन सेट वितरित किए। कार्यक्रम में संस्था कोषाध्यक्षअशोक डूंगरवाल की पौत्री समृद्धि डूंगरवाल के प्रथम जन्म दिवस पर अशोक डूंगरवाल के सहयोग से विद्यालय में अध्यनरत अक्षम छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री वितरित कर पौत्री का जन्म दिन मनाया। डूंगरवाल ने बताया कि विषिष्ट बच्चों के बिच में आकर बहुत अच्छा लगा है, आज के दिन से संकल्प लेता हूं कि मेरे साथ मेरे करीबी लोगों से आग्रह कर इन विशिष्ट बचों के सहयोग के लिए प्रयास करूंगा। रेडक्रॉस के सदस्यों द्वारा अध्ययन के दौरान उनकी शिक्षा एवं उनके रहने की दिनचर्या के बारे में जानकारी ली।

प्लास्टिक का बहिष्कार व कपड़े की थैली अपनाने का लिया संकल्प

बांसवाड़ा, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल के 50 वें स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष्य में माही वीरा केंद्र की ओर से बडा रामद्वारा में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं कर अन्य विकल्पों को अपनाने के लिए अपील पोस्टर का विमोचन मेडता पीठाधीश स्वामी रामकिशोर महाराज, बडा रामद्वारा संत रामप्रकाश महाराज, उदय सिंह महाराज, ज्ञानेश्वर महाराज, पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी डॉ. रागिनी शाह के सानिध्य में कपडे की थैली, मेरी सहेली पोस्टर का विमोचन किया।

महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि इसका उद्देश्य सभी प्रकार की प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग कम करने के प्रति लोगों को जागरुक करना है। रामकिशोर महाराज ने पर्यावरण संरक्षण के लिए कपडे की थैली का उपयोग करने का संकल्प दिलाया। डॉ. रागिनी शाह ने लाभदायक विकल्पों का उपयोग करने और स्वयं से पहल करने की अपील की। इस दौरान सभी ने प्लास्टिक का बहिष्कार करने और कपड़े की थैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कपडे की थैली वितरित की गई। उन्होंने बताया कि महावीर इंटरनेशनल अपैक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए अनिल कुमार जैन के निर्देशानुसार देश में पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा कार्यों के लिए 300 से अधिक केंद्र कार्यरत हैं। सचिव गीता चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में आंगनवाडी केंद्र प्रभारी उर्वशी व्यास, वस्त्र प्रभारी ऋषि कन्या व्यास, कांता भाटी, भारती तलरेजा ने सहयोग प्रदान किया।

माही वीरा केंद्र की ओर से बडा रामद्वारा में अपील पोस्टर का विमोचन करते मेडता पीठाधीश स्वामी रामकिशोर महाराज व बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज।

सार-समाचार

भंडार से निकले 4 करोड़ 35 लाख रुपए

मंडफिया, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 4 जुलाई को खोले गए भंडार की शेष राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की उपस्थिति में हुई। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि दूसरे चरण की गिनती में भंडार से 4 करोड 35 लाख 40 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व प्रथम दिन भंडार से 7 करोड 70 लाख 41 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि प्रथम एवं दूसरे चरण की गिनती को मिलाकर 12 करोड 5 लाख 81 हजार रुपए की प्राप्ति हुई है। शेष रही राशि की गिनती मंगलवार को की जाएगी। भंडार गिनती में भादसोड़ा नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, भेरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों और विशेष कर मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली। नगर परिषद अधिकारी से अतिक्रमण हटाने एवं फागिंग के बारे में जानकारी ली। जिस पर उन्होंने सर्वे होने, उपखंड स्तर पर टीम गठित होने तथा फॉगिंग शुरू हो जाने की जानकारी दी। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक उप निदेशक ने पेंशन वेरिफिकेशन सत्तानवें प्रतिशत हो जाने तथा झौथरी, डूंगरपुर, बिछीवाडा में कुछ प्रकरणों में तकनीकी समस्या आने की जानकारी दी। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विकास अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निस्तारण करने, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में आ रही तकनीकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक कर तकनीकी समस्याओं का समाधान करने तथा कन्यादान योजना में ब्लॉक स्तर पर लक्ष्य देते हुए प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीक्षण अभियंता को टेंडर के बाद अगले सप्ताह तक वर्क आर्डर जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि मिनीकिट्स की आवश्यकता अनुसार मांग भेज दी गई है और शीघ्र ही आवंटन के लिए कहा गया है।

धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित

भीम, (निसं)। कस्बे के देवनारायण कॉलोनी स्थित सिंधी समाज के प्रेम प्रकाश आश्रम पर सोमवार को आचार्य सदुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज के 138 में जन्मोत्सव के उपलक्ष में हवन यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान व कन्या भोज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सिंधी समाज के अध्यक्ष भगवानदास भाटिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी टेऊँ राम महाराज का चालीसा उत्सव मनाया जा रहा है।इसके तहत श्रीप्रेमप्रकाश पन्थ के श्रद्धालुओं द्वारा चालीस दिन तक व्रत और चालीसा के पाठ किये जाते है। जिनके अंतिम 5 दिन में स्वामी जी का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इस जन्मोत्सव के पर्व के उपलक्ष में 40 दिन अलग-अलग आयोजन व अंतिम 5 दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत सोमवार को प्रात: 9:00 बजे हवन कार्यक्रम प्रात: 10:00 बजे कन्या भोज का कार्यक्रम श्रीदरबार के हॉल में आयोजित हुआ। मंगलवार शाम को 5 बजे बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।बुधवार को प्रात: 10:00 बजे श्री प्रेम प्रकाश आश्रम ब्यावर के संत शंभू लाल जी का भी आगमन व प्रवचन होगा। संतो के सानिध्य में दरबार के मुख्य हाल पर महाआरती व जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित होंगे। अंतिम दिन 11 जुलाई गुरुवार को शाम 5:00 बजे छप्पन भोग, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अनेको कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। कार्यक्रम के लिए मंदिर पर विशेष सजावट की गई है।

अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण

राजसमंद, ०(निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में संचालित अन्नपूर्णा रसोई का सोमवार को राजसमंद पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी राजेश जोशी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मजदूरों की अन्नपूर्णा रसोई में भोजन लेने को लेकर करीब 12 बजे तक भीड लग रही थी जिस पर अन्नपूर्णा रसोई में भोजन का समय 10से 1 बजे तक था। करीब 1बजे तक सर्वर नहीं चलने से टोकन नहीं कट रहा था जिससे वहां पर श्रमिकों की भीड लग रही थी।

कांग्रेस जनता के मुद्दों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी : डूडी

राजसमंद, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक सोमवार प्रात: 10 बजे नगर परिषद सभागार में जिला प्रभारी चेतन डूडी के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड की अध्यक्षता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनन्दन गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी, पूर्व राज्यमंत्री जगदीशराज श्रीमाली एवं पीसीसी सचिव योगेन्द्रसिंह परमार के सानिध्य में आयोजित हुए।

बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने संघठन के विषय पर विस्तार से चर्चा कर पिछले चुनाव की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजने का निर्णय लिया। जिला संगठन प्रभारी चेतन डूडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजस्थान की जनता ने भाजपा की पर्ची सरकार को आयना दिखा दिया। प्रदेश की जनता राजस्थान की भजनलाल सरकार से नाखुश है क्योंकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को द्वेषतापूर्वक बंद किया जा रहा है जो योजना जनता को बेहद राहत दे रही थी। जिला संगठन प्रभारी डूडी ने कहा की कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी लेकिन जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगी। जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड ने कहा की संगठन का कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है जो मेहनत करके नेता बनाता है, सरकार बनाता है और पार्टी के विचारधारा की असली लडाई लडता है और अब विपक्ष में कार्यकर्ता की जिम्मेदारी और बड जाती है। जनता ने हमें विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है हमें अपनी विपक्ष की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाना है। पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनन्दन गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी एवं योगेन्द्र सिंह परमार ने कहा की हमें विपक्ष में रहकर भी जनता की सेवा करनी है और संगठन को मजबूत करना है क्योंकि संगठन में ही शक्ति है।इस दौरान पीसीसी सदस्य शांतिलाल कोठारी, रूपाराम सालवी, सभापति अशोक टांक, उपप्रधान वैभवराज सिंह, संगठन महामंत्री गोविंद सनाढ्य, पूर्व प्रधान पुरुषोत्तम माली, जिला प्रवक्ता कुलदीप शर्मा, नगर अध्यक्ष बहादुरसिंह चारण, जिपस लेहरूलाल अहीर, ब्लॉक अध्यक्ष केसरसिंह, शंकरलाल जाट, माधवलाल अहीर, ज्ञानेन्द्रसिंह, कालूलाल गुर्जर,राजेश गुर्जर, अजीतसिंह लसानी, सेवादल जिलाध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली, महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल, नगर अध्यक्ष दिनेश एम जोशी, उपाध्यक्ष हिमानी नंदवाना, नानालाल सार्दूल, विजयप्रकाश सनाढ्य, महासचिव मुकेश भार्गव, लक्ष्मण गुर्जर, मनोहर किर, रवि गर्ग, मण्डल अध्यक्ष भुरालाल कुमावत, देवनारायण खटीक, यशपाल चारण, कमलेश साहु, युवा नेता अजयसिंह, शंकरलाल खटीक, सम्पतलाल खटीक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस कमेटी की आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिला संगठन प्रभारी चेतन डूडी एवं मौजूद जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

ज्ञापन सौंपा

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के नरणिया गांव में कुछ दिनों पूर्व हुई पथराव की घटना के बाद सर्व समाज ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर कार पर हुई पत्थरबाजी पर अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए। जिला कलक्टर अंकित सिंह तथा आसपुर विधायक उमेश मीणा को ज्ञापन सौंपकर हत्या की साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की मांग रखी। सर्व समाज के प्रतिनिधी मंडल ने बताया की आसपुर पंचायत समिति के लीलवासा गांव की माही पुत्री हर्षित पंचाल अपने पिता के साथ अहमदाबाद जा रही थी। तभी नरणिया के पास चार से पांच व्यक्तियों ने कार पर पथराव कर दिया। इससे माही पंचाल को गंभीर चोंट आ गई। जिसका अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल आईसीयू में ईलाज चल रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलक्टर अंकित कुमार ज्ञापन देते हुए असामाजिक तत्व जिन्हें दोवडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग सहित पीडति परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की भी मांग की। वही जिले में तीन से चार माह में लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं बढती जा रही है। इसके लिए पुलिस की ओर से सख्ती करते हुए मजबूत धाराओं में केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग रखी।इसी तरह आसपुर विधायक उमेश मीणा को भी प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए गांव स्तर पर सुरक्षा समिति का भी गठन कर एसी वारदातो पर अंकुश लगाने पर जोर दिया। साथ ही पीडति परिवार को आर्थिक सहायता के साथ ही आरोपियो के खिलाफ मजबूत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी।

पिता-पुत्री सहित 82 जनों ने किया रक्तदान

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रैयाना में रक्तदान करते रक्तवीर।

बांसवाड़ा, (निसं)। नंद बाबा गौशाला, बजरंग दल एवं सपना फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रैयाना में आयोजित रक्तदान शिविर में 82 रक्तवीरो ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश पाटीदार ने की जबकि मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष सागवाडा सुभाष भट्ट, बेटी बचाओ बेटी पढाओ ब्रांड एंबेसडर डॉ. रक्षा सर्राफ, प्रखंड अध्यक्ष गढी गणेश पाटीदार तथा विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सर्राफ, पूर्व सेंट्रल लैब इंचाज शरद त्रिवेदी, डडूका विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक अरथूना एसीबीईओ सुरेश पाटीदार, सर्वेश्वर गौशाला से मयंक डाबी मौजूद रहे। रक्तवीरो में बजरंग सह जिला संयोजक निर्मल पाटीदार ने दसवी बार, नंद बाबा गौशाला सह कोषाध्यक्ष जयेश पाटीदार ने छठी, रजनीश कलाल ने आठवी, चंद्रकांत पाटीदार, विपुल पाटीदार, विजय पाटीदार एवं राकेश पाटीदार ने पांचवी, एसीबीईओ सुरेश पाटीदार, महेश भाटिया एवं हेमंत कलाल ने चौथी, चिराग पानेरी ने पांचवी, विमल पाटीदार ने तीसरी बार रक्तदान किया। शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढाओ के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. सराफ ने सपना फाउंडेशन की मुहिम हर घर रक्तवीर की प्रशंसा करते हुए शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरो का आभार जताया। शिविर में मुख्य रूप से नंद बाबा गौशाला से रजत पाटीदार, राजू पाटीदार, कपिल, जिग्नेश, सुभाष, बृजेश, जलज, अंकित, कमलेश, गुंजन, मयूर, कृत्य, अर्पित, लोचन, कल्पेश, हर्जित आदि गौ सेवको ने विशेष सहयोग प्रदान किया। सपना फाउंडेशन के संस्थापक विश्वंभर मेघवाल सुखवाडा, जिला कॉर्डिनेटर रोहित गणावा, रोहित निनामा, मीडिया प्रभारी मामराज, तिलक पाटीदार कोटडा, अनिल यादव, मयूर मेघवाल आदि मौजूद रहे। रक्त संग्रहण में ब्लड बैंक टीम से ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. समीर खान, लैब इंचार्ज नरेंद्र बघेल, संकेत भावसार, राजेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, महेश यादव आदि ने सहयोग प्रदान किया।